(d) No agreement has been signed so far.

एशियाई खेलों के लिए तरणताल

1140. **श्री चतुर्भुज : क्या निर्माण और आवास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में एशियाई खेलों के लिए निर्माणाधीन बड़े तरणतालों की मुख्य विशेषतायें क्या हैं; और

(ख) निर्माण कार्य करने वाली उस एजेन्सी का क्या नाम है जिसे इस गौरवपूर्ण तरणताल का निर्माण कार्य सौंपा गया है और तरणताल के निर्माण हेतु बनाए गए उस नक्शे का ब्यौरा क्या है जिसके आधार पर कार्य किया जा रहा है ; स्वीकृत नक्शे के अनुसार कार्य न करते पाए गए अधिकारियों और दोषी एजेन्सी के विरुद्ध क्या कार्यवाही की जाने का विचार है ?

संसदीय कार्य तथा निर्माण और आवास मन्त्री (श्री भीष्म नारायण सिंह) : (क) नई दिल्ली नगरपालिका द्वारा तालकटोरा बाग में बनाए जा रहे तरणताल में निम्नलिखित तीन तालाब होंगे :—

(i) मुख्य तालाब (50 मीटर × 26 मी० × 2 मी०)

(ii) गोता लगाने वाला तालाब (25 मी० × 25 मी० × 5 मी०)

(iii) तैयारी तालाब (50 मीटर× 11 मी० —2 मी०)

शोधित जल के वितरण एवं इसे गर्म करने के लिए तथा अन्तर्राष्ट्री मानकों के अनुसार तापमान बनाये रखने के प्रबन्ध किए जा रहे हैं। वस्त्र बदलने वाले कक्ष, भौतिक चिकित्सा कक्ष, सम्मेलन कक्ष, जलपान गृह रेस्त्रां आदि जैसी सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। स्टेडियम में 6,000 व्यक्तियों के बैठने की जगह होगी।

(ख) इस परियोजना से सम्बन्धित विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए निम्नलिखित अभिकरणों को लगाया गया है :—

(i) मैसर्स जी० एस० अतवाल एण्ड कम्पनी।

(ii) मैसर्स यूटिलिटी इंजीनियर्स इण्डिया लि० ।

(iii) मैसर्स कैण्डी फिल्टर्स इण्डिया लि० ।

(iv) आर्मी इंजीनियर्स एण्ड कम्पनी।

(v) मैसर्स विजय मशीनरी स्टोर्स।

(vi) मैसर्स महाराष्ट्र इलैक्ट्रोनिक्स कारपोरेशन लि०।

यह कार्य अनुमोदित नक्शों के अनुसार किया जा रहा है।

आवश्यक वस्तुओं के मूल्य

1141. **श्री छोटू भाई गामित : क्या नागरिक पूर्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) घी, चीनी, गेहूं, जुआर, बाजरा, चावल, दालों और खाद्य तेलों जैसी आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में 1 जनवरी, 1981 से 30 जून, 1981 तक की अवधि के दौरान कितनी वृद्धि हुई है ;

(ख) क्या केन्द्रीय सरकार बढ़ते हुए मूल्यों को रोकने की दृष्टि से समूचे देश में न्यूनतम तथा अधिकतम मूल्यों का निर्धारण करने के लिए कानून बनाएगी और यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्योरा क्या है ?